# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भ्रूण लिंग जांच गिरोह का भंडाफोड़ किया, चार गिरफ्तार

**लिंग जांच करना कानूनन अपराध है। इनके खलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी: मोनिका गुप्ता**

**डॉ. सोनल यादव**

**नारनौल (जगमार्ग न्यूज)।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दिल्ली प्रशासन के साथ मिलकर भ्रूण लिंग जांच गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ रमेश चंद्र आर्य ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि इस जिले की गर्भवती महिलाओं के भ्रूण लिंग जांच गिरोह नांगलोई एवं दिल्ली के आसपास के क्षेत्र में सक्रिय है। सूचना के अवसर पर एक रेडिंग टीम का गठन किया गया। भ्रूण लिंग जांच गिरोह के बिचौलिए ने डिकाए पेशेंट को सुबह नांगलोई दिल्ली में बुलाया गया था। उसके उपरांत डॉ विजय यादव ने नॉर्थ ईस्ट जिला दिल्ली के पीएनडीटी नोडल ऑफिसर से फोन पर संपर्क किया। बिचौलिया डिकोय पेशेंट को नांगलोई दिल्ली से एक ऑटो में भजनपुरा क्षेत्र के गांव गढ़ी के गली नंबर 16 के एक मकान में ले गया, जहां पर पहले से उपस्थित आरोपी कपिल कसाना वासी जावली गाजियाबाद उत्तर प्रदेश ने अपंजीकृत प्रोटेवल मशीन से भ्रूण लिंग जांच करके डिकोय पेशेंट के गर्भ में लड़की होना बताया। उसके बाद नारनौल एवं नॉर्थ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट दिल्ली की संयुक्त पीएनडीटी टीम ने आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया। इसके बाद इस रेड में आरोपी कपिल कसाना वासी जावली गाजियाबाद यूपी से एक प्रोटेवल अल्ट्रासाऊंड मशीन, प्रोब, जैली को बरामद किया।

इस दौरान नजदीक थाने में आरोपी कपिल कसान, राजेंद्री, राम भतेरी उर्फ लालो वाशी भजनपुरा दिल्ली व सत्येंद्र वासी नांगलोई दिल्ली के खिलाफ उस क्षेत्र के एसडीएम सारत कुमार सालीमपुर द्वारा थाना भजनपुरा दिल्ली में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट व आईपीसी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई।



### किसी भी सूरत में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट की उल्लंघना नहीं होने दी जाएगी : उपायुक्त मोनिका

स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम की ओर से आज मारे गए छापे के संबंध में उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने कहा कि जिला में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट की उल्लंघना किसी भी सूरत में नहीं होने दी जाएगी। लिंग जांच करना कानूनन अपराध है। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त के सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## बेसहारा गौवंश का उपचार कर मनाया विश्व पशु चिकित्सा दिवस

**जगमार्ग न्यूज**



**भिवानी।** पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग द्वारा शनिवार को विश्व पशु चिकित्सा दिवस मनाया गया। गौरतलब होगा कि विश्व पशु चिकित्सा दिवस हर वर्ष अलग थीम के साथ मनाया जाता है। इस बार यह दिवस वेटनेरियन आर एसेन्सीयल हैल्थ वर्कर्स की थीम के साथ मनाया गया।

इसी कड़ी में पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डा. रविंद्र सहरावत के निर्देशानुसार विभाग द्वारा शनिवार को जिला भर में यह जोर-शोर से दिवस मनाया गया। इस दौरान जिला के विभिन्न पशु चिकित्सालयों में पशुओं को एंटी रेबीज की वैक्सीन निःशुल्क लगाई गई। इसके अलावा सेमिनारों का भी आयोजन किया तथा शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को पशुओं से प्यार करने, उनकी उचित देखभाल करने की अपील के साथ-साथ पशुओं से इंसानों से फैलने वाली बीमारियों व उनसे बचने के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डा. रविंद्र सहरावत के निर्देशानुसार पशु चिकित्सक डा. विजय सनसनवाल ने विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर स्थानीय महम रोड़ स्थित गौशाला में बेसहारा घायल गौवंश का उपचार करने का अभियान चलाया। विश्व पशु चिकित्सा दिवस का महत्व बताते हुए डा. सनसनवाल ने कहा कि पशुओं के स्वास्थ्य का महत्व बताने के उद्देश्य से मनाया जाता है, ताकि प्रत्येक नागरिक इस दिवस से प्रेरणा लेकर पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य की तरफ भी ध्यान दे।

## न्यूज डायरी

### आज मुरम्मत कार्य के चलते 2 घंटे रहेगी बिजली आपूर्ति बाधित

**तोशाम (जगमार्ग न्यूज)।** रविवार 28 अप्रैल को 33 केवी सब स्टेशन तोशाम से चलने वाले 11 केवी फीडर तोशाम, गुलशन नगर, वाटर वर्क्स, भूरटाना तथा नलवा आदि की बिजली आपूर्ति सुबह 9 बजे से 11 बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुए विभाग के सब स्टेशन इंचार्ज तथा एसएसए वजीर सिंह ने बताया कि रविवार को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक मरम्मत कार्य के चलते 33 केवी सब स्टेशन तोशाम से चलने वाले 11 केवी फीडर तोशाम, गुलशन नगर, वाटर वर्क्स, भूरटाना तथा नलवा आदि की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### कर्मवीर सिंह को मिली युवा कांग्रेस के जिला मीडिया कोर्डिनेटर की अतिरिक्त जिम्मेवारी



**भिवानी (जगमार्ग न्यूज)।** भारतीय युवा कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों में जिला मीडिया कोर्डिनेटर नियुक्त किए है। इसी कड़ी में युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव कर्मवीर सिंह को हरियाणा युवा कांग्रेस के भिवानी सेजिला मीडिया कोर्डिनेटर की अतिरिक्त जिम्मेवारी सौंपी गई है। अपनी नियुक्ति पर कर्मवीर सिंह ने एआईसीसी की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी शैलेजा, आईवाईसी मीडिया विंग के राष्ट्रीय इंचार्ज वरूण पांडे, आईवाईसी के राष्ट्रीय महासचिव विनीत कंबोज, ओबीसी राष्ट्रीय संयोजक सुरेंद्र कुमार सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। कर्मवीर सिंह ने विश्वास दिलाया कि उन्हे जिम्मेवारी सौंपी गई है, उसका वे बाखूबी निर्वहन करेंगे तथा पार्टी की नीतियों के प्रचार-प्रसार में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। नवनियुक्त जिला मीडिया कोर्डिनेटर कर्मवीर सिंह ने कहा कि जिला मीडिया कोर्डिनेटर की जिम्मेवारी बड़ी अहम होती है। क्योंकि जिला मीडिया कोर्डिनेटर मीडिया के माध्यम से आमजन तक पार्टी की नीतियों एवं कार्य योजनाओं को पहुंचाते है। ऐसे में उन्हे जो दायित्व सौंपा गया है, उसका वे पूरी निष्ठा एवं मेहनत से निर्वहन करेंगे।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर सर्व समाज सेना ने चलाया निमंत्रण अभियान



**भिवानी (जगमार्ग न्यूज)।** आगामी 8 मई को स्थानीय महम गेट स्थित परशुराम मंदिर में आयोजित होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह की तैयारियां सर्व समाज सेना द्वारा शुरू कर दी गई है। समारोह में ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंचे, इसके लिए निमंत्रण अभियान चलाया हुआ है। इसी कड़ी में सर्व समाज सेना के संस्थापनक श्याम सुंदर सनातनी ने स्थानीय नई अनाज मंडी में निमंत्रण अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 8 मई को मनाया जाने वाला भगवान परशुराम का जन्मोत्सव समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा, जिसमें सर्व समाज की अनेक हस्तियां अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएगी। उन्होंने कहा कि परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे, इसलिए भगवान कृष्ण और श्रीराम के जन्मोत्सव की तरह भगवान परशुराम का जन्मोत्सव भी सर्व समाज के लोगों को हिस्सा लेते हुए भगवान परशुराम का आर्शीवाद लेना चाहिए। अब नागरिकों को भगवान परशुराम के दिखाए मार्ग पर चलते हुए हमे एकजुट होकर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाना चाहिए। उन्होंने सर्व समाज के लोगों से आह्वान किया कि सबसे पहले हमे आपसी भेदभाव मिटाने होंगे, तभी हम एक मंच पर आ सकते हैं। इस मौके पर पर सुनील शास्त्री, पूर्व सरपंच राजू नांगल, तारकेश्वर शर्मा, मुकेश शर्मा आदि मौजूद थे।

### पैक्स कर्मचारी संघ हरियाणा की भिवानी व दादरी जिला की नई कार्यकारिणी गठित



**भिवानी (जगमार्ग न्यूज)।** स्थानीय नेहरू पार्क में पैक्स कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले भिवानी व दादरी जिलों के पैक्स कर्मचारियों की बैठक का आयोजन शनिवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमृतलाल नैन एवं हिसार जिला के प्रधान अनिल पुनिया ब्यानाखेड़ा ने की। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से भिवानी व दादरी जिला की नई जिला कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। यह जानकारी देते हुए प्रेस सचिव संदीप सैन ने बताया कि नरेश कुमार को भिवानी व दादरी जिला प्रधान, नरेंद्र कुमार चौहान को महासचिव, आनंद सिंह को कोषाध्यक्ष, सुरेश कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष, शिवचरण व वजीर सिंह को उपाध्यक्ष, सुरेंद्र कुमार को मुख्य ऑडिटर, संदीप सैन को प्रेस सचिव, कालूराम को सह सचिव, राजबीर सिंह को मुख्य सलाहकार की जिम्मेवारी सौंपी गई। इसके उपरांत संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमृतलाल नैन एवं हिसार जिला के प्रधान अनिल पुनिया ब्यानाखेड़ा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। गौरतलब होगा कि संदीप सैन को लगातार 5वीं बार पैक्स कर्मचारी संघ हरियाणा के भिवानी व दादरी जिला के प्रेस सचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई।

### प्रियंका मनोज अग्रवाल महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव नियुक्त



**फरीदाबाद (जगमार्ग न्यूज)।** बल्लभगढ़ विधानसभा की इलेक्टेड पीसीसी डेलीगेट व वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज अग्रवाल की धर्मपत्नी प्रियंका मनोज अग्रवाल को हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर प्रियंका अग्रवाल ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी सैलजा, महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्षा सुधा भारद्वाज सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उनमें जो विश्वास जताया है वह उस पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करेंगी तथा फरीदाबाद में वह अपनी पूरी टीम के साथ प्रदेश महिला कांग्रेस को और मजबूती देने के लिए अथक परिश्रम करेंगी और प्रदेश में महिलाओं की राजनीति में भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुए उन्हें कांग्रेस के साथ जोडने का काम करेंगी। यहां जारी प्रेस बयान में प्रियंका अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार में बढ़ती महंगाई ने आम आदमी को त्राहि-त्राहि करने को मजबूर कर दिया है, खासकर गृहणियों का बजट पूरी तरह से बिगड़ गया है, रसोई गैस, सब्जी, फल सहित अन्य खाद्य वस्तुओं के दामों में इजाफा करके सरकार ने लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। केंद्र व प्रदेश सरकार लोगों को राहत देने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है और जनता का अब इस सरकार से मोहभंग होने लगा है।

## दिव्यांग केंद्र में आयोजित कैंप में 16 लोगों के मोतियाबिंद के निशुल्क किए ऑपरेशन




**महेंद्र गोयल**

**हिसार (जगमार्ग न्यूज)।** स्वास्थ्य व सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में आंखों के सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन का निशुल्क शिविर आयोजित किया गया। विवेक गर्ग हैदराबाद वाले एवं रोहतास कुमार गोयल छानी वाले ने इस निशुल्क शिविर में विशेष सहयोग दिया। इस शिविर में 16 जरूरतमंद लोगों की आंखों के निशुल्क ऑपरेशन करके राहत प्रदान की गई। इस अवसर पर ईश्वर गोयल बड़ोपलिया, सीताराम मंगल व दिनेश सिंगला सहित काफी गणमान्य लोग एवं दिव्यांग केंद्र के पदाधिकारी उपस्थित रहे। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में 3 मई को भी शिविर लगाकर जरूरतमंद लोगों की आंखों के निशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे। जिसके लिए किसी भी कार्यदिवस पंजीकरण करवाया जा सकता है।

दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि समाजसेवियों के सहयोग से समय-समय पर निशुल्क ऑपरेशन किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में नेत्र जांच, नेत्र ऑपरेशन की तमाम आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं और अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा ही समस्त कार्य किए जाते हैं।

## चोरों ने तोशाम में दो मकानों के तोड़े ताले

**एक रात में 37 तोले सोना व डेढ़ किलो चांदी के जेवर एवं 6 लाख नगदी उड़ाई**



**जगमार्ग न्यूज**

**तोशाम।** चोरों के बड़े हौसले लचर सुरक्षा व्यवस्था का परिणाम लग रहा है। गत रात्रि चोरों ने विकास नगर में दो मकानों को अपना निशाना बनाकर क़रीबन 6 लाख रुपये नगद तकरीबन 37 तोले सोना, डेढ़ किलोग्राम के करीब चांदी के जेवरात चोरी कर लिए हैं।

चोरी की घटना के बाद पुलिस, एफएसएल, डॉग स्क्वायड, सीआईए, साइबर सेल व फिंगरप्रिंट की टीमें मौके पर पहुंची। पुलिस ने मकान मालिकों की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

झुल्ली निवासी शमशेर ने बताया कि उसके बेटे का जन्मदिन था। वह व उसका परिवार जन्मदिन मनाने के लिए अपने गांव गया हुआ था। सुबह उसके पड़ोसी सुनील ने फोन कर सूचना दी की उसके मकान का ताला टूटा हुआ है। जिसके बाद शमशेर मौके पर पहुंचा। शमशेर ने आकर देखा तो घर से तकरीबन 30 तोले सोना, 1 लाख 80 हजार रुपये नगद व डेढ़ किलोग्राम चांदी गायब मिली। शमशेर ने बताया कि उसके घर का ताला सुनील के घर मिला।

शमशेर ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। वहीं शमेशर के पडौसी सुनील ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ दुल्हेड़ी गांव में शादी में गए हुए थे। सुबह जब तकरीबन सवा तीन बजे वे घर पहुंचे तो उन्होंने गेट का ताला खोला। उसके बाद गेट नहीं खुला। सुनील ने बताया कि उसके बाद उसने देखा कि अंदर लाइट रही है गेट खुला है एवं गेट की अंदर से कुंडी लगी हुई है। इसके बाद सुनील ने पड़ोसियों को जगाया। पड़ोसी आने के बाद उन्होंने डॉयल 112 पर कॉल कर पुलिस कोबुलाया। पुलिस टीम आने के बाद सीढी द्वारा अंदर जाकर गेट खोला। सुनील ने बताया कि चोर उसके मकान से तकरीबन चार लाख रुपये नगद, 6 तोले सोना व तकरीबन आधा किलोग्राम से ज्यादा चांदी ले गए। सुनील के घर पर चोरों ने दीवार फांदकर प्रवेश किया। सीसीटीवी फुटेज में सिर्फ एक कार 1 बजकर 7 मिनट पर आती और 1 बजकर 11 मिनट पर जाती दिखाई दे रही है। पुलिस ने मकान मालिकों की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## गांव मीरान से सट्टा खाईवाल करते एक रंगे हाथों पकड़ा

**तोशाम (जगमार्ग न्यूज )।** मुख़बरी के आधार पर पुलिस ने क्षेत्र के गांव मिरान से सट्टा खाईवाल कर रहे एक व्यक्ति को 25110 रुपए सहित रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मिरान में चौक पर चाय की दूकान पर लखीराम नामक व्यक्ति लोगों से सट्टा लगवा रहा है। यदि मौके पर पहुंचकर छापा मारा जाए तो उक्त युवक को रंगे हाथों पकड़ा जा सकता है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एक बोगस सट्टेबाज को दस रूपए के नोट का नंबर लिखकर सट्टा लगाने के लिए भेजा। जब उक्त युवक ने बोगस सट्टेबाज से दस रूपए लिए तो पुलिस ने छापा मारकर उक्त व्यक्ति को काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपित से 25110 रूपए भी बरामद कर लिए और आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## यूपीएससी की परीक्षा पास कर गांव लौटे भावेश का भव्य स्वागत, सम्मानित

**सीमा जोशी**

**तोशाम (जगमार्ग न्यूज)।** यूपीएससी परीक्षा परिणाम में गांव झांवरी निवासी भावेश ख्यालिया ने 46वीं रैंक से यूपीएससी की परीक्षा पास कर भिवानी जिला, गांव व इलाके का नाम रोशन किया है। उनके गांव लौटने परसम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपने लाडले भावेश खयालिया को सम्मान में पलकों पर बैठा लिया। गांव के सबसे बुजुर्ग आदमी देवकरण व पूर्व में हरियाणा केसरी रहे हवासिंह पहलवान द्वारा पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पूर्व सैनिक सेवा समिति ने भावेश को पगड़ी पहनाई एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

प्राचार्य सुरेंद्र सिंह जांगड़ा व हवासिंह पहलवान ने कहा कि भावेश ने अपने दूसरे ही प्रयास में यूपीएससी की परीक्षा पास अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि आईएएस देश की सबसे मजबूत प्रशासनिक रीढ़ है। भावेश ख्यालिया 46वीं रैंक हासिल कर अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बने है। पूर्व सैनिक सेवा समिति तोशाम के हलका प्रधान सूबेदार चांदवीर ने युवाओं से आह्वान किया कि वे भी अपने जीवन का लक्ष्य तय करे तथा लक्ष्य को हासिल करने के लिए जी तोड़ मेहनत करें। भावेश के ताऊ युद्धबीर सिंह रिटायर्ड कमिश्नर व चाचा एचसीएस राजेश ख्यालिया को भी फूल मालाओं से स्वागत किया। भावेश ने अपना सम्बोधन ठेठ देसी हरयाणवी भाषा में दिया। भावेश के पिता राजकुमार ने इस आयोजन के लिए ग्राम वासियों का तहेदिल से धन्यवाद दिया। इस मौके पर सतबीर, धर्मवीर आदि मौजूद थे।



### भावेश का ग्राम स्वराज किसान मोर्चा ने किया स्वागत

**भिवानी।** यूपीएससी की परीक्षा पास करने के बाद पहली बार अपने गांव लौटे भावेश का शनिवार को ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष जोगेंद्र तालु की अध्यक्षता में कस्बा तोशाम मे फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया। इस मौके ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने कहा कि भावेश ने अपने दूसरे ही प्रयास में यूपीएससी की परीक्षा पास अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

## स्कोलर्स वर्ल्ड की रीतिका ने जेईई की परीक्षा की पास, सम्मानित



**चरखी दादरी(जगमार्ग न्यूज)।** देश की बेटियों की प्रतिभा एवं सफलता से आज पूरा विश्व परिचित है। विशेषकर हरियाणा प्रदेश व चरखी दादरी जिला की बेटियों ने ना केवल खेल, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में अपनी मेहनत के दम पर अलग मुकाम हासिल किया है तथा बेटियों के प्रति संकीर्ण विचारधारा के मुंह पर तमाचा मारने का काम किया है। इसी कड़ी में गांव बिरहीकलां बगसाना मोड स्थित स्कोलर्स वर्ल्ड स्कूल की छात्रा रीतिका ने 91.75 परसेंटाईल से जेईई मैन की परीक्षा पास की है। छात्रा रीति की उपलब्धि पर स्कोलर्स वर्ल्ड स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य बिजेंद्र सांगवान सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने छात्रा रीतिका को फूल-मालाओं के साथ सम्मानित किया करते हुए कहा कि अक्सर देखा जाता है कि विद्यार्थी को जेईई की परीक्षा पास करने के लिए कोचिंग लेने की आवश्यकता पड़ती है, लेकिन रीतिका ने पढ़ते-पढ़ते ही जेईई की परीक्षा पास कर ली।

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री कुमारी सैलजा के प्रति सैकड़ों ने जताई आस्था, दिया समर्थन



**जगमार्ग न्यूज**

**हिसार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा के प्रति आस्था जताते हुए सैकड़ों लोगों ने समर्थन दिया। हिसार में डाबड़ा चौक स्थित आवास पर आयोजित की गई बैठक में सैकड़ों लोग पहुंचे।

इसी दौरान कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य और हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा के नेतृत्व में सिरसा लोकसभा व कालांवाली विधानसभा के जेजेपी के पूर्व प्रत्याशी निर्मल सिंह मलरी, भूना से शक्ति सरवटा, सुनील, शुभम, पवन, राहुल, अमित राघल व उनके काफी साथियों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसी भांति फतहेबाद से दिव्यानंद महाराज, खरक पूनिया मठ से महंत पवन पुरी महाराज, भाजपा से जुड़े हलका रतिया के सैन समाज के प्रधान अशोक कुमार, रवि मधु नागपुर कांग्रेस में शामिल हुए। इस दौरान पूर्व चेयरमैन चंद्रभान महता भी मौजूद रहे। इस अवसर पर समर्थकों ने कहा कि बहन सैलजा ने हमेशा निष्पक्ष, बेदाग व जनहित की राजनीति की है। तीन दशकों से बहन सैलजा ने देश की राजनीति में सादगी, ईमानदारी व समर्पण की मिसाल कायम की है।

## महाभारतकालीन शिव मंदिर में महादेव प्रतिमा की होगी प्राण प्रतिष्ठा

**प्रेमचंद सैनी**

**पटौदी (जगमार्ग न्यूज)।** महाभारत कालीन प्राचीन शिव मंदिर गोकलपुर में एक मई से तीन दिवसीय महारुद्रि यज्ञ और 2 मई को महादेव की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इस अनुष्ठान में कई राज्यों के संत महंत और श्रद्धालु भाग लेंगे।



श्री पंच दसनाम जूना अखाड़ा के श्री महंत और महाभारत कालीन प्राचीन शिव मंदिर गोकुलपुर के संचालक अधिष्ठाता स्वामी धीरज गिरी महाराज ने बताया कि बाबा गिरधारी दास एवं परम पूज्य गुरुदेव स्वामी ज्योति गिरी जी महाराज के आशीर्वाद से गांव गोकुलपुर में महादेव की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। एक मई बुधवार को महारूद्र यज्ञ शुरू हो जायेगा। दो मई को महारूद्र यज्ञ के साथ-साथ ही महादेव की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी। तीन मई शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इस धार्मिक अनुष्ठान में कई राज्यों के संत महंत व श्रद्धालु भाग लेंगे।

**⇨ महारुद्रि अनुष्ठान एवं भंडारे में भाग लेकर पुण्य के भागी बने : स्वामी धीरज गिरी**

**चुनाव** हर नागरिक फिर से कमल खिलाने के लिए उत्साहित: जरावता

## राव इंद्रजीत के लिए मनोहर लाल एक मई को जाटोली मंडी में वोट मांगेंगे

**जगमार्ग न्यूज**



**पटौदी।** गुरुग्राम लोकसभा सीट पर कमल खिलाने और एक मई को पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जनसभा को सफल बनाने के लिए एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विधायक सत्यप्रकाश जरावता और लोकसभा प्रभारी संदीप जोशी ने पटौदी कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली।विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि 29 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के नामांकन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मौजूद रहेंगे। इसके बाद एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। एक मई को पटौदी जाटोली मंडी में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल राव इंद्रजीत के समर्थन में दोपहर तीन बजे पुरानी अनाज मंडी में जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। जरावता ने सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ को रैली को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि जनसभा में भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह, पूर्व सांसद सुधा यादव, पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह, राज्यमंत्री कुंवर संजय सिंह, विधायक सुधीर सिंगला, विधायक और चुनाव के प्रभारी दीपक मंगला सहित अन्य प्रमुख लोग भाग लेंगे। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव प्रभारी संदीप जोशी, मेहर सिंह गांधी, अभय चौहान, कृष्ण माजरा, देवेन्द्र, मनोज शर्मा, सज्जन सिंह यादव, सर्वप्रिय त्यागी, जिला पार्षद यशपाल चौहान, अशोक शर्मा, महेश यादव, रामचंद्र भारद्वाज, सुंदरलाल यादव, चेयरमैन पंकजशील, नरेश व विकास सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे।

## ओशो ध्यान उपवन में आज होगा ध्यान सत्र

**हिसार (जगमार्ग न्यूज)।** साधकों के जीवन को सरस व उल्लासमय बनाने के उद्देश्य से 28 अप्रैल को ओशो ध्यान उपवन में प्रभु को समर्पित हो जीवन विषय पर ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। सिरसा रोड पर स्थित ओशो ध्यान उपवन में प्रातः 9 बजे से प्रातः 11 बजे तक आयोजित होने वाले इस ध्यान सत्र में सत्यम, शिवम व सुंदरम की विचारधारा को आत्मसात किया जाएगा। ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि अपने आप को प्रभु के प्रति समर्पित करने वाला इंसान आशा-निराशा एवं खुशी-विषाद से ऊपर उठ जाता है। उन्होंने कहा कि सतगुरु ओशो ने भी साधकों को प्रभु के प्रति समर्पित होने का आह्वान किया है। संत ओशो ने अपने व्याख्यान में कहा है कि धर्म से तात्पर्य समर्पण से है। अपने आप को पूरी तरह परमात्मा के हाथों में छोड़ दो। संत ओशो ने कहा है कि ध्यान कोई क्रिया नहीं जो साधकों को करनी है। ध्यान का अर्थ है कुछ भी नहीं करना और उसके हाथों में छोड़ देना जो सचमुच हमें संभाले हुए है। स्वामी संजय ने बताया कि संत ओशो ने प्रभु के प्रति समर्पण के साथ-साथ सत्यम, शिवम व सुंदरम के सही अर्थ भी समझाए हैं। 28 अप्रैल मे ध्यान सत्र में साधकों को संत ओशो की दिव्य वाणी सुनने का भी अवसर मिलेगा।

## पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने स्कूल को किए 6 पंखें भेंट किये



**जगमार्ग न्यूज**

**भिवानी।** गर्मी का प्रकोप दिनो-दिन बढ़ता जा रहा है। गर्मी का यह मौसम उन विद्यार्थियों के लिए खासा परेशानी भरा रहता है, जिनके विद्यालयों में पंखों की कमी है। इसी कड़ी में गर्मी के मौसम में स्कूली बच्चों को राहत देने के उद्देश्य से पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने शनिवार को गांव रिवाड़ीखेड़ा स्थित मॉडल संस्कृति राजकीय प्राथमिक पाठशाला में 6 पंखें भेंट किए। इस मौके पर स्कूल स्टाफ सदस्यों ने पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट का इस सराहनीय सोच व कार्य के लिए आभार जताया। पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने कहा कि इन पंखों के कारण विद्यार्थियों को प्रचंड गर्मी से राहत मिलेगी, जिसके चलते वे अपनी पढ़ाई बिना रूकावट के जारी रख सकेंगे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य विद्यार्थियों तक अधिक से अधिक मदद पहुंचाकर उनकी व शिक्षा के बीच की दूरी को खत्म करना है, ताकि बच्चें उच्च शिक्षित बनकर देश की तरक्की में अपना योगदान दे सकें। संभ्रवाल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि वे किसी ना किसी तरह से बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करें।